

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्यश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युझियम
नारणपुरा, अहमदाबाद-३८००१३.
फोन : २७४८९५९७ ● फेक्स : २७४१९५९७
९८७९५ ४९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि : २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य

प्रति वर्ष ५०-००
वंशपारंपरिक
देश में ५०१-००
विदेश १०,०००-००
प्रति कोपी ५-००

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ६ | अंक : ६३ | जुलाई-२०१२

अ नु क्र म णि का

१. अस्मदीयम — २

२. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीके कार्यक्रम की रुपरेखा — ३

३. मुक्तराज बोरसली (मौलश्री) — ४

४. अपनी वृत्ति महाराज की अनुवृत्ति में लगाना, प.पू. महाराजश्री का आशीर्वचन — ६

५. श्री स्वामिनारायण म्युजियम वस्तु परिचय — ९

६. सत्संग बालवाटिका — ११

७. भक्ति सुधा — १३

८. सत्संग समाचार — १६

॥ आत्मीयम् ॥

चातुर्मास का समय आषाढ शुक्ल ११ से प्रारंभ हो गया है। सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण भगवान का विशेष भजन-भक्ति करने के लिये यह समय बहुत उत्तम बताया गया है। साढे चार महीने तक नाम स्मरण की माला, भजन-भक्ति, कीर्तन, प्रदक्षिणा, सत्शास्त्र वांचन, साष्टांग दंडवत इस तरह नियम में से कोई एक नियम ले सकते है। उपरोक्त सभी नियम कठिन नहीं है। इसीलिये ये नियम भगवान ने बताये जिसे हम सरलता से पालन कर सकें। यद्यपि इस वर्ष अधिक भाद्र पद-पुरुषोत्तम मास आ रहा है। जिससे सभी को एक मास अधिक भजन करने का अवसर मिलेगा। हमें ऐसे सत्संग का योग मिला है। इसलिये हम भाग्यशाली है। जगत के अन्य लोगों को यह अवशर कहाँ से मिल सकता है।

अधिक भाद्रपद - पुरुषोत्तम मास के अवसर पर अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिरमें तथा श्री नरनारायण देव के सानिध्य में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराज श्री की आज्ञा से यह उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर दर्शन करके सभी हरिभक्त अपने जीवन को कृतार्थ करें।

शास्त्री स्वा. हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण
(महंत स्वा.) श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालूपुर

हरिभक्तों को अधिक पुरुषोत्तम मास (अधिक भाद्रपद) में यजमान बनने के लिये

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराज श्री की आज्ञा से श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में अधिक पुरुषोत्तम (अधिक भाद्रपद) मास में वर्ष के भीतर आनेवाले सभी उत्सवों को सुंदर ढंग से मनाने का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में जिन्हे यजमान बनने की इच्छा हो वे मंदिर की आफिस में जाकर अपना नाम लिखवा दें।

अपने आगामी उत्सव

श्रावण शुक्ल-८ : ता.२६-७-१२ गुरुवार - श्री स्वामिनारायण मंदिर, दिल्ही पाटोत्सव।
श्रावण कृष्ण-५ : ता.७-८-१२ मंगलवार - श्री स्वामिनारायण मंदिर, जयपुर पाटोत्सव।
श्रावण कृष्ण-८ : ता.१०-८-१२ शुक्रवार - श्री कृष्ण जन्माष्टमी मूली मे मंदिर का उत्सव।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

२९ मई से १२ जून

अमेरिका I.S.S.O. के सर्व प्रथम श्री स्वामिनारायण मंदिर - न्युजर्सी रजत जयंती पाटोत्सव तथा I.S.S.O. के अन्य चेप्टरो में पदार्पण ।

(जून-२०१२)

१३-१४. श्री स्वामिनारायण मंदिर - अंजार (कच्छ) पदार्पण ।

१५. श्री स्वामिनारायण मंदिर, खोखरा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१६. श्री स्वामिनारायण मंदिर, वडनगर पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१८. श्री स्वामिनारायण मंदिर, मोटा धरोडा (पंचमहाल) सत्संग सभा प्रसंग पर पदार्पण ।

२१. श्री स्वामिनारायण मंदिर, डांगरवा पदार्पण ।

२२. श्री जिगरभाई दीपकभाई के यहाँ कुबडथल गाँव में पदार्पण ।

२२-२३-२४ मुंबई में वाली (राज.) के श्री नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा आयोजित सत्संग शिबिर में पदार्पण ।

२६. श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री रतीभाई खीमजीभाई पटेल (ट्रस्टी) की तरफ से आयोजित श्री नरनारायणदेव के पाटोत्सव को षोडशोपचार विधिसे अपने हाथों सम्पन्न किये ।

श्री स्वामिनारायण मंदिर, साणंद पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

सर्वोपरि श्री हरि के ८वें वंशज प.पू. लालजी महाराजश्री की अमेरिका की सत्संग यात्रा

सर्वोपरि संप्रदाय के सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव गादी के भावि आचार्य प.पू. १०८ श्री व्रजेन्द्र प्रसादजी महाराज श्री २२ मई से ६ जून तक अमेरिका की धर्मयात्रा में पधारे थे । सर्वप्रथम शिकागो के श्री स्वामिनारायण मंदरि में तथा वहाँ से एटलान्टा श्री स्वामिनारायण मंदिर में युवको को तथा बालकों को सभा में आशीर्वाद देकर आनंदित किये थे । सभी भक्तों को मंदिर में दर्शन करने के लिये प्रेरणा किये थे । वहाँ से आइ.एस.एस.ओ. के निर्माण हो रहे वायरन के मंदिर में पधारे थे । वहाँ से प.पू. लालजी महाराजश्री, प.पू. आचार्य महाराजश्री, प.पू. बड़े महाराज श्री साथ में न्युजर्सी विहोकन मंदिर के २५ वें पाटोत्सव प्रसंग पर पधारे थे । न्युजर्सी मंदिर में श्री हरि के ६ठ्ठे, ७वे, ८वे वंशज ने ठाकुरजी का अभिषेक करके आरती उतारकर लाखों हरिभक्तों को दर्शन का सुखप्रदान किया था । प.पू. लालजी महाराजश्री संत-पार्षदों के साथ वोशिंग्टन पधारे थे । जहाँ पर पहुँचकर वहाँ के हरिभक्तों को हार्दिक आशीर्वाद दिये थे । प.पू. लालजी महाराजश्रीने अमेरिका के धर्मप्रवास के अवसर पर इलोनोइस ज्योर्जीया, न्युयोर्क, न्युजर्सी, मेरीलेन्ड तथा डेलापर में हरिभक्तों के द्वारा पदार्पण करके सभी को सुखी किया । सभी को श्री नरनारायणदेव का दृढ आश्रय के साथ भक्ति करने की आज्ञा किये । युवको तथा बालको को प.पू. लालजी महाराजश्री के आगमन से आत्मशक्ति तथा प्रेरणा मिली ।

(आई.ए.एस.ओ. श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, यु.एस.ए.)

मुक्तराज बोरसली (मौलश्री)

साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुर धाम)

महाराज के समयकालीन नंद संतो द्वारा रचित कीर्तनो को सुनकर अथवा लेखक संतोने शास्त्रों में जो वर्णन किया है या महाप्रभुने अपने मुखों से परावाणी रुपी वचनामृत को अंवतरित करके सत्संग का बड़ा उपकार किया है। जिसके श्रवण - वांचन करने से शरीर रोमांच हो उठता है। जिसका कोई पार नहीं पाया। भव ब्रह्मादिक से अक्षर तक किसीने श्रीहरि के स्वरुप को सम्पूर्ण नहीं जा सके। वेद जिन्हे नेति-नेति कहते हैं। हजारो मुख से भी जिसका गुण गाना संभव नहीं। ऐसे श्रीजी महाराज के मनुष्य स्वरुप में पांचसौ परमहंसोने अनंतबार दर्शन किया तथा प्रभु के पास अनंतबार बैठकर आनंद का अनुभव किया था। अपने संप्रदाय में कितने मुक्त आज भी देह के साथ विद्यमान है। जो मनुष्य के रुप में नहीं बल्कि वृक्ष के रुप में दर्शन का लाभ देने के लिये स्वामिनारायण भगवानने उन्हें तीर्थो में रखा है। लेकिन हम सभी के अद्यतन जीवन में भागदौड होने से तथा भौतिकता की आंख पर पट्टी होने से इन दिव्य मुक्तो के दर्शन की इच्छा ही नहीं होती।

भगवान स्वामिनारायण के साथ ५०० परमहंसो का जिसने दर्शन किया हो, अक्षरधाम के मुक्तों का अनंतवार जिसने दर्शन किया हो, अनेकों बार श्रीहरिके मुख से जिसने वचनामृत सुना हो तथा प्रेमानंद स्वामी, ब्रह्मानंद स्वामी, अयोध्याप्रसादजी महाराज जैसे अनेकों कवियों के मुख से जिसने कीर्तन सुना हो ऐसे अक्षरधाम के मुक्त जेतलपुर धाम में देवसरोवर के किनारे प्रसादीकी वाडी में मौलश्री मुक्तराज वृक्ष के रुप

में विराजमान है। संप्रदाय में कितने वृक्ष के रुप में आज विद्यमान है जिन्होंने महाराज का प्रत्यक्ष दर्शन किया है। उसमें से जेतलपुरधाम में सर्वश्रेष्ठ सर्वोत्तम बोरसली (मौलश्री) आज भी विद्यमान है। इसी मौलश्री के नीचे महाराज अनकों बार सभा किये हैं। इसी मौलश्री के नीचे बैठकर आत्मचिन्तन करते थे। क्योकि इसी मुक्त की सेवा लेकर महाराज प्रसन्न होते थे। जेतलपुर में मौलश्री के रुप में मुक्तराज आज भी दर्शन दे रहे हैं। इस मुक्तराज का भाव से दर्शन किया जाय तो सर्वमनोरथ सिद्ध होते हैं। जन्मजन्मान्तर के पाप नष्ट हो जाते हैं। चिन्तामणी या कल्प वृक्ष के समान यह वृक्ष सभी के सर्वविधसंकल्प को पूरा करनेवाला है।

इस मुक्तराज मौलश्री के फूल के हार को महाराज हजारो बार अपने गले में धारण किये थे। आज भी यदि कोई इस मौलश्री के फूलों का हार बनाकर बलदेव जी को धारण करता है तो उसके जीवन में कोई कमी नही रहती। जैसे स्वयं श्रीहरि उसमाला को धारण कर रहे हैं ऐसी अनुभूति होती है। पूनम के दिन बलदेवजी भगवान

के दर्शन के लिये आनेवाले हरिभक्त मुक्तराज मौलश्री का भाग्य से ही दर्शन करते होंगे। जो प्रसादी की वाडी में आज भी विराजमान हैं।

जिस महाप्रभु का इस मौलश्रीने अनंतबार दर्शन किया हो उस मुक्तराज के दर्शन एवं परिक्रमा से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। अमूल्य समय देकर भी दर्शन प्रदक्षिणा करनी चाहिये। विना प्रयास के अक्षरधाम की दिव्यता का अनुभव होगा।

श्रीहरिने स्वमुख से वचनामृत गढडा मध्य-१३ में कहा है कि "भगवान जे जग्या मैं बिराजमान होय ते जग्या पण निर्गुण छे"। इसके साथ ही भगवानने जिन वस्त्रों, को धारण किया हो, अलंकार धारण किया हो, वाहन का उपयोग किया हो, सेवा करनेवाले सेवक, खान, पानादि जो भगवान के संबन्धमें आया हो वह सब निर्गुण है। इसी तरह जो भगवान के स्वरुप को जाना है वह हमारी तरह से स्वतंत्र हो जाता है और उसकी प्रीति मात्र मुझ में रहती है" वडताल - १२ वें वचनामृत में कहा है कि "धन्य वृन्दावन वासी वडनी छाया रे, ज्यां हरि बेसता" इस कीर्तन को गाओ बाद में उस कीर्तन को गाया। बाद में श्रीहरिने कहा कि जिस तरह परमेश्वर के योग का साहचर्य पाकर वृक्ष का जन्म होने पर भी वह कृतार्थ होता है। इसलिये वृक्ष के नीचे भगवान बैठकर वृक्ष को परमपद का अधिकारी बना देते हैं। गढडा अंत्य-२२ में कहा है कि जिस तरह भगवान की मर्जी हो वैसा ही वातावरण बनता है। अथवा जैसा समय मिलता है उस रुप में भक्त को भगवान की सेवा करने का अवसर मिलता है।

अक्षरधाम के मुक्त को मौलश्री के रुप में भगवान की सेवा का अवसर मिला। ऐसा कृपापात्र मौलश्री वृक्ष आजभी जेतलपुर की प्रसादीकी वाडी में विराजमान होकर सेवा कर रहे है। उन सभी में मौलश्री वृक्ष श्रेष्ठ है।

आदि आचार्य अयोध्याप्रसादजी महाराजश्रीने मौलश्री के नीचे बैठकर अनेकों कीर्तन की रचना की है। जिस में "हरि मिले बोरसली की छैया" के पद ४ खूब प्रसिद्ध है। वर्तमान साइंस भी कहता है कि बोरसली के नीचे बैठने से मन शांत होता है। तथा मन का रोग मिटता है।

श्री स्वामिनारायण मासिक में प्रसिद्ध करने के लिये लेख, समाचार एवं फोटोग्राफ्स ई-मेईल से भेजने के लिए नया एड्रेस
shreeswaminarayan9@gmail.com

श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in
भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० • शृंगार आरती ८-०५
• राजभोग आरती १०-१० • संध्या आरती १९-०० • शयन आरती २०-३०

अपनी वृत्ति महाराज की अनुवृत्ति में लगाना, प.पू. महाराजश्री का आशीर्वचन

संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा - हीरावाडी - बापुनगर

ता.१-३-१२ को एप्रोच (बापुनगर) मंदिर के सातवें पाटोत्सव के अवसर पर प.पू. आचार्य महाराजश्रीने सभा में कहा कि पहले के समय में बड़े-बड़े ऋषि मुनियों तथा विद्वानों को हजारों वर्ष तक तप करने पर जो प्राप्त नहीं हुआ वह दुर्लभ कल्याण श्रीजी महाराज ने सत्संग के लिये सुलभ कर दिया । महाराज की आज्ञा तथा अनुवृत्ति में रहकर अनपढ किसान भी बड़ी सरलता से अपना आत्यंतिक श्रेय करलेता है।

महाराज को प्रसन्न करना होतो अपने स्वभाव में परिवर्तन करके महाराज के अनुकूल रहना चाहिये । अपनी वृत्ति को महाराज की वृत्ति में लगाना चाहिये । महाराज पानी गरवाने से पहले लोगो के स्वभाव मे परिवर्तन करवाया था । अपने पुराने मंदिरो में जाते है जिन नव मंदिरों को महाराजने बंधवाया था । उन सभी मंदिरो के दरवाजों पर बड़े-बड़े खीले लगाये गये है, अहमदाबाद, वडताल, गढडा इत्यादि मंदिरों के दरवाजे पर सभीने खीला देखा है । इन खीलों को लगाने का एक विशेष कारण यह है कि इससे सुरक्षा होती है। कोई आक्रमण करे तो इससे रक्षा होती है । लेकिन आज तक अपने मंदिरों में आक्रमण हुआ ही नहीं । इस का कारण यह कि अपने संत ऐसा कहते कि जब मंदिर में दर्शन करने जाय तो दरवाजे के भाले में अपने लोभ-मोह-ममता-अहंकार-ईर्ष्या राग-द्वेष इत्यादि को लटका देना चाहिये । ऐसा न करने से मंदिर में मूर्ति तो दिखाई देगी लेकिन मूर्ति में भगवान नहीं दिखाई देंगे । मूर्ति में महाराज का प्रत्यक्षपना का भी अनुभव नहीं होगा । कितनी बार तो ऐसा भी होता है कि मंदिर में मूर्ति से अधिक अगल-बगल के लोग दिखाई देते है । आज ऐसी स्थिति हो गयी है कि किसी सत्संगी को सभा में हार पहनने को न मिले तो गले की कंठी उतारकर मंदिर में वापस दे जाते है और ऐसा कहते है कि अब सत्संग में पहले जैसा कुछ रहा ही नहीं । जगत में जिस तरह व्यवहार प्रधान है ठीक उसी तरह सत्संग में व्यवहार प्रधान होता जा रहा है।

एक गुरुने शिष्य से कहा इस पात्र को धूल से भर दो । शिष्यने वैसा ही किया । फिर गुरुजीने कहा इस पात्र को भोजन से भर दे । शिष्य ने कहा गुरुजी ? यह पात्र तो धूल से भर गया है अब इसमे भोजन नहीं आयेगा । इसी तरह हम भी अपने सारे दोषो के साथ मंदिर में दर्शन करने जाते है, इसलिये प्रभु में भाव कम हो जाता है और वहाँ जाकर दोष देखने लगते है । इसलिये महाराज की आज्ञा में यदि जीवन होगा तो निश्चित ही निष्ठा बढेगी और सत्संग के प्रति जागरुक हो सकेंगे ।

ब्रह्मानंद स्वामी, दादाखाचर, पर्वतभाई इत्यादि पड़े बड़े संत-हरिभक्तो को हम याद करते है किस लिये ? इसलिये कि महाराज के मिलने के बाद वे अपना कुछ रखे ही नहीं । महाराज को समर्पित हो गये । महाराज को प्रसन्न करने में ही अपना सर्वस्व समझते थे । ब्रह्मानंद स्वामी जब महाराज के पास आये तब गहने पहनकर तथा विद्वता का अहं लेकर आये लेकिन महाराज के मिलने के बाद सबकुछ महाराज के चरण में अर्पित कर दिये । गहना तथा जगत का अन्य पदार्थ छोड़ना सम्भव है लेकिन स्वभाव का छोड़ना बहुत कठिन है । दोष को छोड़कर महाराज की आज्ञा में रहना ही सच्ची निष्ठा है ?

दादाखाचर की बात करें तो महाराज दादा के दरबार को छोड़कर अन्यत्र कहीं रहे नहीं, दादा में ऐसा क्या था ? दादा का इतना बड़ा राज्य भी नहीं था कि महाराज उसके लिये

वहाँ रहे । यदि महाराज को राज्य की चाहना होती तो वनविचरण के समय मयारानी ने कहा था कि हे महाराज ! आप मेरे महल में ही सदा के लिये रह जाइये । इस राज्य का शासन आप करो और मेरी दोनो कन्याओं के साथ विवाह कर लीजिये । यह तो एक उदाहरण दिया है - इस तरह तो कितने उदाहरण है । दादा के दरबारगढ में रहने का मतलब यह है कि दादा तथा दादा का सम्पूर्ण परिवार अपनापन छोड़कर महाराज की आज्ञा में रहने लगे थे - आत्मसमर्पित भक्त हो गये थे ।

स्वभाव की बात करें तो महाराज तो स्वभाव प्रकृति से परे है । ये जो करते हैं वह लीला है ? परंतु महाराज के अलांवा अन्योकी प्रकृति स्वभाव स्वतंत्र होता है । अब आप विचार करें कि क्या महाराज दरबार गढ में अकेले रहते थे ? महाराज के साथ संत-पार्षद-ब्रह्मचारी-हरिभक्त भी रहते थे ।५०० परमहंस तथा उनके शिष्य तथा हजारों हरिभक्त आने जानेवालों की संख्या भी उतनी ही । प्रत्येक के अलग अलग स्वभाव, सभी के भोजन की प्रकृति अलग, कोई मीठा, कोई खट्टा, कोई तीखा भोजन करता सभी के अनुरुप दरबार परिवार व्यवस्था करता था । उसमे भी बड़े भाव तथा प्रेम के साथ । आप लोक वचनामृत में दादाखाचर का नाम अधिक वांचे होंगे लेकिन ऐसा एका आया कि दादाने क्रोधकिया हो ।

दादा महाराज को कहते थे कि महाराज ! यह हमारा तन-मन-धन-राज्य सब कुछ आपका है ? महाराज कहते कि दादा ? हमें आपका राज्य नहीं चाहिये ? हमें तो एकांत चाहिये ? महाराज दादा की परीक्षा लेना चाहे उन्होने कहा आपके मुँह से बोलने मात्र से काम नहीं चलेगा ? आप सब कुछ लिख कर दे दीजिये । दादाने तुरंत ही सब कुछ लिखकर दे दिया । महाराजने कहा अब आप का कुछ भी नहीं है । आप सपरिवार यहाँ से निकल जाइये । सभी निकलने लगे तो दादा की दो बहने थी लाडुबा तथा जीवुबा दोनो ने दादा के लिये थोड़ा भोजन रखदी थी, वह इसलिये कि दादा की उम्र उस समय छोटी थी और रास्ते में दादा को यदि भूख लगेगी तो खिला देगी । महाराजने पूछा आप यह हाथ में क्या ली है दोनो बहनोने बतादिया । महाराजने कहाकि सबकुछ में भोजन भी तो मेरा है । आप लोग जो वस्त्र पहनी है उसीमें निकलना है ? उसे भी छोडकर वे लोग बिना संशय के चलदिये । मुख में लेशमात्र भी दुःख नहीं - प्रसन्नता ही दिखाई दे रही थी । थोडा आगे गये कि महाराजने बुला लिया ।

हम लोग अपने बंगले में महाराजश्री के लिये एक रुम खाली कराने की बात करें तो तुरंत यह होगा कि महाराज श्री मंदिर में बराबर हैं । हम प्रतिदिन मंदिर में आपका दर्शन करने आजायेंगे । लक्ष्मणजीवन स्वामी मंदिर में आपकी देखरेख कर लेंगे ।

दादा की इस तरह अनको बाते हैं । दादा के दरबार गढ की दीवाल का प्लास्टर हो रहा था उसी समय महाराज आये और कहने लगे कि यह ठीक नहीं इसे गिराकर फिर बनाओं इस तरह कई बार किये । दादा यह देखकर भी कुछ नहीं बोले । थोड़ा भी मन में खराब विचार नहीं आया, बल्कि यह विचार आया कि महाराज कुछ अच्छा सोचे होंगे । एकबार महाराज ने दादा से कहा कि इस कुम्हड़े को घड़े में डालिये । दादा बिना प्रश्न के घड़े में डालने लगे । घड़े में कुम्हडा जायेगा क्या ?

सत्संग में या घर में छोड देने की भावना हो तो स्थाई एकता बनी रहती है । घर में हर व्यक्ति एक दूसरे के स्वभाव से परिचित हो जाता है । किसको क्या पसंद है और क्या नहीं । इसी तरह महाराज के समय में संत हरिभक्त महाराज के स्वभाव को जान गये थे - उन्हीं के अनुकूल होकर आचरण करते थे ।

उपरोक्त सभी बाते सभी के लिये है, कोई व्यक्ति विशेष के लिये नहीं है । यदि कोई अपने ऊपर मान भी ले तो उसका कल्याण अवश्य होगा । आप सभी लोग रजत-सुवर्ण जयंती उत्सव के बाद आज भी छोटे-बड़े उत्सव को बड़े उत्साह के साथ मनाते रहते है । आप लोग स्वस्थ रहे दीर्घायु हों, मंदिर में बिराजमान घनश्याम महाराज आप सभी का सर्व विधकल्याण करें । आज तो सभी लोग गाड़ी बंगलेवाले है । बाहर से हर प्रकार से सुखी है लेकिन आप लोग अन्तःकरण से समृद्ध हों । यजमान परिवार तथा पाटोत्सव के सहभागी भक्तजनों को समृद्धि प्राप्त हो ऐसी श्री नरनारायणदेव के चरणों में प्रार्थना ।

TOWNSHIP OF WEEHAWKEN
HUDSON COUNTY, NEW JERSEY

PROCLAMATION

WHEREAS, The International Swaminarayan Satsang Organisation a national charitable organization that builds, looks after and advances the Nar Narayan Dev Satsang outside of India; and

WHEREAS, The Weehawken Temple, the first Shri Swaminarayan temple to be inaugurated in the United States; and

WHEREAS, The Weehawken Temple has participated in 9/11 relief efforts through donations and participation in ceremonies; and

WHEREAS, The Weehawken Temple is an integral part of our multicultural community; and

WHEREAS, This year marks the 25th Anniversary of the Weehawken Shri Swaminarayan temple; and

WHEREAS, **It is the purpose of** The International Swaminarayan Satsang Organisation Its prime objective is "to advance the Sanatan Dharma, in accordance with the principles and teachings of the Swaminarayan Sampraday; and

NOW THEREFORE, **I Richard F. Turner, Mayor of Weehawken on behalf of the Township Council, commend the members of this organization and extend our grateful appreciation for the fine example set by them in contributing to the building community spirit in our Township.**

Richard F. Turner, Mayor
Township of Weehawken
DATED: June 2nd 2012

ન્યુજર્સી વિહોકનના મેયરે પ.પૂ. મોટા મહારાજશ્રીને
ન્યુજર્સી મંદિરના રજત જયંતી પાટોત્સવ પ્રસંગે ઉપરોક્ત સન્માનપત્ર અર્પણ કર્યું હતું.

श्री स्वामिनारायण म्युझियम

श्री स्वामिनारायण म्युजियम वस्तु परिचय



लिखावित स्वामीश्री सहजानंदजी महाराज जय श्री अहमदाबाद मध्ये साधु सर्वज्ञानंदजी तथा भक्त रुपचंदनारायण वांचजो । बीजु लखवा कारण एम चे जे श्री डुंगरपुर की तम ऊपर हुंडी आवे तो तमो रुपिया २०० बसो सुधीनी तमो स्वीकारी देजो ने अत्र जवाब लखजो । ते तमे कहेशों तो अमदावाद तुरत मोकलशुं ने कहेशो तो अत्र अयोध्याप्रसादने भरशुं सं. १८८६ ना पोष वद-११ लिखितं शुकमुनिना नारायण वांचजो ।

बीजुं केसर श्रीकार सुधुजन देवसेवा मां काम आवे तेवुं चटकादार सेर १ मोकलजो । ने तेना रुपिया जेटला थाय ते लखी मोकलजो । लखशो तेने तुरंत अपावशुं ., बीजुं केसर कोई सरकार दरबार मोटुं माणस छे तेने देवा सारुं मंगाव्युं छे ते जाणजो । बीजुं निर्विकारानंद स्वामी तमो याज्ञवल्क्य स्मृति नो आचार ध्याय मिताक्षरा टीका युक्त शुद्ध मले तो तपास करावीने जरुर मोकजो । एनुं अमारे अवश्य काम छे माटे लख्युं छे।

उपरोक्त पत्र श्री स्वामिनारायण म्युजियम में होल नं. १ में रखा गया है।

આ પત્ર શ્રીજી મહારાજે તેમના જમણા હાથ સમાન સ.ગુ. શ્રી શુકાનંદ મુનિ પાસે લખાવડાવેલો છે. શ્રીહરિના સ્વધામ ગમન પહેલાંના ગણતરીના મહિનાઓ પહેલાં જ લખાવડાવેલો પત્ર છે. સ.ગુ. સર્વજ્ઞાનંદ સ્વામિ અમદાવાદ શ્રી નરનારાયણદેવના મંદિરના આદિ મહંત હતા. ડુંગરપુરમાંથી મૂર્તિઓ વગેરે આવતું હતું તેના સંદર્ભે બસો રૂપિયાની હૂંડી સ્વીકારીને રૂપિયા આપવાની વિગત પત્રમાં છે. વળી શ્રીહરિ કેસર દેવસેવામાં કામ આવે તેવું મંગાવેલું અને યાજ્ઞવલ્ક્ય ઋષિની મિતાક્ષરા ટીકા મંગાવેલી છે. તે બંને બાબતો શુદ્ધ મળે તેવો શ્રીહરિનો આગ્રહ જણાય છે. દેવને અર્થે - ધર્મને અર્થે જે કાંઈ ચીજવસ્તુનો ઉપયોગ થતો હોય તે અતિશય શુધ્ધ હોય તેનો આગ્રહ શ્રીહરિ રાખતા.

શ્રીહરિનો આ અસલ પ્રસાદીપત્ર શ્રી સ્વામિનારાયણ મ્યુઝિયમના હોલ નં. ૧ માં હરિભક્તોના દર્શનાર્થે રાખવામાં આવ્યો છે.

(પ્રો. હિતેન્દ્રભાઈ નારણભાઈ પટેલ)

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा । महाभिषेक लिखवाने के लिए संपर्क कीजिए ।
म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६
www.swaminarayanmuseum.org/com • email:swaminarayanmuseum@gmail.com

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव के मूर्ति के अभिषेक की नामावलि (जून-२०१२)

ता. १-६-१२	दिनेशभाई नाथाभाई पटेल, राजूभाई नाथाभाई पटेल - डांगरवावाला।
ता. १६-६-१२	मनजीभाई शिवजीभाई हीराणी - कच्छ
ता. १७-६-१२	श्री नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा पदयात्रा - कलोल से श्री स्वामिनारायण म्युजियम तक। वती मुकेशभाई पटेल, मौलिक पटेल, जनार्दन पटेल।
ता. २६-६-१२	पटेल रतिभाई खीमजीभाई (ट्रस्टीश्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर) वती केतन तथा कपील।
ता. २७-६-१२	स्वामिनारायण मंदिर - निकोल वती महिला मंडल।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के लिये जून-२०१२ को प्राप्त दान भेंट की रकम

१,३८,८३०-४०	न्युजर्सी अमेरिका श्री स्वामिनारायण मंदिर रजत जयंती महोत्सव प्रसंग पर प.पू. बड़े महाराजश्री को चरण भेंट।
१,०१,०००-००	प्रेमजीभाई भीमजीभाई पीडोरिया - श्रीमती कांताबहन प्रेमजीभाई पींडोरिया - वेकरा (कच्छ)
१,००,०००-००	वनिषा कांतिलाल हालाई - लंदन-केरा (कच्छ)
१,००,०००-००	अरविंदभाई आर. दोंगा - बापूनगर
२०,०००-००	धर्मप्रसाद मणीलाल शुक्ल - अमदाबाद
११,०००-००	अरविंदभाई आर. दोंगा - बापूनगर
११,०००-००	पूनमभाई मगनभाई - अमदाबाद
११,०००-००	धीरजभाई के. पटेल - अमदाबाद
११,०००-००	चावडा मावजीभाई मोहनभाई - आंबली पार्षद वनराज भगत की प्रेरणा से
१०,०००-००	पूनमभाई एम. पटेल अमदाबाद
१०,०००-००	हिरजी वेलजी आसाळी - रामपर - कच्छ
५,१००-००	पुरव पटेल - अमदाबाद
५,१००-००	प्रवीणभाई चतुरदास पटेल - सोला
५,००१-००	कैलासबहन दशरथभाई अमीन - गांधीनगर
५,००१-००	पटेल बाबूभाई शंकरलाल - डींगुचा
५,००१-००	पटेल घनश्यामभाई रेवाभाई - देलवाडा
५,००१-००	डी.के. एन पटेल - मुम्बई
५,०००-००	पुनील जीतेन्द्रकुमार मोदी - अमदाबाद
५,०००-००	घनश्याम एन्जी. इन्डस्ट्रीझ - बोपल
५,०००-००	हंसाबहन प्रभुदास महेता वती सुभाषभाई - मोरबी
५,०००-००	हर्षदकोलोनी श्री स्वामिनारायण मंदिर
५,०००-००	कौशिकभाई जोषी - अमदाबाद
५,०००-००	पटेल धर्मिष्ठा बहन - भरतभाई - मारुसणा

श्री नरनारायणदेव गादी के वाली (राजस्थान) के हरि भक्तों के यहाँ मुंबई में प.पू. आचार्य महाराजश्री का पदार्पण

राजस्थान के वाली तथा अगल बगल के गावो के हरिभक्त वरसों से मुंबई शहर में नौकरी-व्यापार करने के लिये स्थायी हुये हैं। प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तीन वर्ष पूर्व धर्मकुल के आश्रित श्री नरनारायणदेव सत्संग मंडल (वाली-वर्तमान मे मुंबई) की स्थापना की थी। जिसे तीन वर्ष पूर्ण होते ही मुंबई के सत्संगी भक्तों के आग्रह पर प.पू. आचार्य महाराजश्री ता. २२-६-१२ को रात्रि में संत मंडल के साथ मुंबई पधारे थे। ता. २३-६-१२ की प्रातः से सायंकाल तक २५ हरिभक्तों के घरो में पदार्पण करके आशीर्वाद दिये थे। पू. महाराजश्री की प्रेरणा से मुंबई में प्रति रविवार को सत्संग सभा में पू. शा.पी.पी. स्वामी (नारायणघाट) स्वा. विश्वस्वरुपदास, जे.के. स्वामी, मुनि स्वामीने सभी हरिभक्तों को श्री नरनारायणदेव गादी में विशेष निष्ठा तथा सत्संग प्रवृति रखने पर बल दिया था।

अंत में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीने वाली के समस्त सत्संगियों को नियम, निश्चय, निष्ठा में देखकर बहुत प्रसन्न हुये और सभी को हार्दिक आशीर्वाद दिये थे। प.पू. आचार्य महाराजश्री की सेवा में पार्षद वनराज भगत थे।

(श्री धर्मकुल आश्रित श्रीनरनारायणदेव मंडल-वाली)(वर्तमान में मुंबई)

कुसंप विनाशका कारण है ।

(शा. हरिप्रियदास - गांधीनगर)

श्री हरिने भक्तों को एक सुन्दर उपदेश दिया था । वह यह कि वडनगर - विसनगर के भक्तों को दर्शन-कथा का लाभ देकर महाराज दंढाव्य देश में करजीसण गाँव में पधारे । वहाँ के भक्तों के प्रेम के वशीभूत होकर महाराज उस समय का जन्माष्टमी उत्सव करने की आज्ञा कर दिये और यह कहे कि यह उत्सव पूर्ण करने के बाद ही हम आगे जायेंगे ।

करजीसण के भक्त पत्रिका छपवाकर गाँव-गाँव में बंटवा दिया । अगल-बगल के गाँवों में विचरण करने वाले संत भी वहाँ पधारे । लक्षावधिहरिभक्त भी वहाँ पधारे ।

अष्टमी के दिन प्रातः से लेकर सायंकाल तक भजन-भक्ति का वातारवरण बना रहा । कृष्णजन्मोत्सव मनाते हुये सभी को रात्रि में २-३ बज गया, फिरभी प्रातः जल्दी उठकर सभी लोग अपने दैनिक कृत्य करके एक दूसरे से विदाई ले रहे थे । उसी समय श्रीहरिने भक्तों को सम्बोधित करके कहा कि हे भक्तो ! आप लोगों को सुखी रहना होतो एकता में रहियेगा । जब एकता नहीं रहेगी तो बड़ी सत्ता होने पर भी खत्म होजाती है । दुनियां में राज्य करने वाले खाली हाथ गये है । कोई कुछ लेकर गये नहीं है । इसलिये आपस में राग-द्वेष नहीं रखना । छोटा परिवार होते हुये भी कुसंप के कारण नष्ट-भ्रष्ट हो जाता है । छोटा अग्नि का कण भी बड़े महल को जलाकर राख कर देता है ।

एक राजा था । राजा का उद्यान बहुत बड़ा था । जिसमें अनेकों फूल-फल वाले वृक्ष थे । इस तरह का उदाहरण देकर बात करते हुये कहते हैं कि पूरे राज्य में कोई तकलीफ नहीं थी । लेकिन भेंड़ा और नौकरानी में पटरी नहीं खाती थी । राजा के पास बहुत बड़ी घोड़शाल थी । उसमें नौकरानी काम करती थी उसी घुड़शाल में भेड़ा भी रहता था । जब नौकरानी निकले तो भेंडा उसे सींग से मारता और नौकरानी भी डन्डा लेकर उसे पीटती थी ।

सत्संगबालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

इस बगीचे में एक बार ४०-५० बन्दरों का टोला आया । इस हरेभरे फल-फूलों से लदे बगीचे को देखकर बानर बहुत खुश हुये और सभी पेट भरकर फल खा-पी कर जब तृप्त हो गये तो उन सभी के बानर राज ने कहा कि भाई अब आप लोग तृप्त हो गये हो तो यहाँ से आगे चला जाय । बन्दरों ने कहा कि इतना सुन्दर खाने-पीने के स्थान को छोड़कर अन्यत्र क्यो जाने को कहते हैं । तब वृध्द बानर ने कहा कि यहाँ पर घुड़शाल में एक भेड़ा है उसकी और नौकरानी की पटरी नहीं खाती है दोनो में कुसंप है इसलिये यहाँ रुकना ठीक नहीं । यद्यपि वह छोटी बात है फिरभी आगे जाकर बड़ा रुप धारण कर सकती है । हम लोग भाग भी नहीं सकेंगे । वृद्ध वानर की यह बात सुनकर कुछ वानर उसके साथ निकल गये और कुछ वहीं रह गये ।

इधर नौकरानी का तथा भेंड़ा का कलहचरम सीमा पर चल रहा था । सर्दी की ऋतु थी । नौकरानी मस्तक पर आग लेकर घुड़शाल में जा रही थी । उसी समय भेंडे ने पीछे से आकर नौकरानी को मारा नौकरानी आग लेकर गिर पड़ी - आग उछलकर सामने घास के ढेरमें गिर पड़ी । देखते-देखते आग पूरे घुड़शाल में आग लग गयी और घोड़े जल गये ।

उसी समय घोड़ो के उपचार हेतु बैद्यो को राजाने बुलवाया । वैद्यो ने कहा कि इन घोड़ो को बचाने का एक मात्र यही उपाय है कि तत्काल बन्दरों की चरबी का इनके उपर लेपन किया जाय । यह बात सुनकर नौकरोंने कहा कि राजन ! इस समय अपने उद्यान में बहुत सारे बन्दर रहते है, फल खाते है - फूल-फल-वृक्ष का नुकसान करते है । राजाने कहा कि बन्दरों को तत्काल पकड़ लाओ ।

इतना सुनतेही नौकर बन्दूक लेकर दौड़ पड़े और

बन्दूक से बहुत सारे बन्दर मारे गये कुछ वहाँ से भाग निकले ।

जो मरने से बचे बन्दर थे वे भाग कर वहीं पहुँच गये जहाँ पर वृद्ध बन्दर पहले से कुछ बन्दर के साथ निकल कर वहाँ रह रहा था । वृद्ध बन्दर ने सभी से वहाँ का समाचार पूछा तो सभी अथ से इति तक कहानी सुनादी । आप की सलाह न मानने का यह परिणाम था । यह कुसंप का ही परिणाम है ।

श्री हरिने यह बात करजीसण गाँव में सभी को सुनाई । सभी सुनकर खूब प्रसन्न हो गये । सभी ने कहा महाराज ! हम एक सूत्र में बंधे रहेंगे एकता में हम सभी का जीवन होगा । यह बात सुनकर महाराजने सभी को सुखी होने का आशीर्वाद दिया ।

बाल मित्रो ! आप सुने न कि हमें क्या करना है । संप या कुसंप ? छोटा भी कुसंप कितनी कठिनाई में डाल देता है । एक सूत्रता अर्थात् संप में ही श्रीजी की प्रसन्नता मिलती है ।

शुद्धाय नमः (जनमंगल)

(साधु श्री रंगदास - गांधीनगर)

शुद्ध - भगवान का नाम है । शुद्ध का अर्थ है - पवित्र । श्री हरि सदा शुद्ध स्वरुप हैं । निर्दोष स्वरुप है । चाहे कितना भी अपवित्र जीवात्मा हो वह प्रभु की शरण में आते ही शुद्ध होजाता है, परमात्मा उसे स्वीकार लेते हैं । पापी हो या अपवित्र हो उसे पवित्र कर देते हैं ।

‘‘अपवित्रो पवित्रोवा सर्वावस्थांगतोपिवा ।

यःस्मरेत् पुंडरीकांक्षं सबाह्याभ्यांतरः शुचिः ॥’’

पवित्र हो या अपवित्र मात्र भगवान के नाम स्मरण करने से पवित्र होजाता है । स्नान करने से शरीर शुद्ध होता है । लेकिन भगवान के नाम स्मरण से शरीर के साथ मन भी शुद्ध होता है । आत्मा शुद्ध होता है । भगवत स्मरण के विना किया गया स्नान भी शरीर को शुद्ध नहीं कर सकता ।

एकवार श्रीहरि काठी पार्षदों के साथ विचरण कर रहे थे । साथ में सन्त नहीं थे मात्र काठी पार्षद ही थे । एक दिन ऐसा हुआ कि प्रभु तालाब में स्नान करने गये और यह कहते गये कि मैं पहले स्नान करके इस गहराई नाप लेता हूँ फिर आप लोग स्नान करने जाईये । सुरा खाचर ने कहा कि गहराई नापने के लिये तो हम लोग है न ? प्रभु ने कहा कि आज नहीं ।

श्रीहरि स्नान करके सरोवर से बाहर पधारे । बाद में महाराजने सभी से कहा कि अब आप लोग स्नान करके आवें । सभी स्नान करने गये तो खेलने लगे । एक दूसरे पर पानी उछालने लगे, तैरने लगे स्नान की विधी से न्नान नहीं किये । स्नान करके बाहर आये तो महाराजने कहा कि आप लोग जल स्नान किये रक्त स्नान ? क्यों प्रभु ! आप ऐसा पूछ रहे हों । महाराजने कहा प्रभु स्मरण के विना किया गया स्नान रक्त स्नान कहा जाता है । जाकर आप लोग पुनः स्नान कीजिये । अब सभी धुन बोलते हुये, प्रभु का स्मरण करते हुये स्नान करते हैं, यह देखकर महाराजने कहा कि अब यह सही स्नान है ।

इसलिये जो भगवान के स्मरण के विना स्नान करता है उसके शरीर की शुद्धि नहीं होती । बाह्य शुद्धि नहीं होगी तो आभ्यान्तर शुद्धि कैसे हो श्री । भगवत्स्मरण - नाम स्मरण के साथ किजा जाने वाला स्नान तीर्थ स्नान के समान बताया गया है । जिस तरह पारसमणी के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है इसी तरह भगवान के नाम स्मरण से भगवान का आश्रित जीव पवित्र हो जाता है, उस का सदा के लिये कल्याण हो जाता है ।

नीचेके महामंदिरोमें नित्य दर्शन के लिये

जेतलपुर : **www.jetalpurdarshan.com**	छपैया : : **www.chhapaiya.com**
महेसाणा : **www.mahesanadarshan.org**	टोरडा : **www.gopallalji.com**
नारायणघाट: **www.narayanghat.com**	

भक्ति सुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से
"कलियुग में भक्तिमार्ग सबसे सरल है"
(संकलन : कोटक वर्षा-नटवरलाल - घोडासर)

परमात्मा को प्राप्त करने का तीन मार्ग है (१) ज्ञान मार्ग (२) कर्म मार्ग (३) भक्तिमार्ग । कलियुग में ज्ञान मार्ग कठिन है । क्योंकि - उसके लिये तीव्र वैराग्य होना आवश्यक है । साथ में विषयों के प्रति तुच्छभाव भी होना चाहिये । लेकिन कलियुग में यह सम्भव नहीं है । इसका कारण हैं कि जीवन में बहुत सारे अवरोधआते रहते हैं । कर्म मार्ग से भगवान को प्राप्त करने के लिये अच्छे कर्म करने पड़ते है । तप यज्ञ, अनुष्ठान इत्यादि उसके सहायक बताये गये हैं । ये सभी कलियुगी मनुष्यों के लिये कठिन है क्योंकि मनुष्य वासना से घिरा हुआ है और जप-तप यज्ञादि कर्म करने का समय भी नहीं है । सभी स्वार्थमय जीवन में फंसे हैं । निष्काम भाव वाले तो बहुत कम लोग होते हैं । इसलिये कर्म मार्ग को भी कठिन बताया गया । जब कि भक्ति मार्ग अत्यन्त सरल है । इसलिये भक्त अपनी निष्ठा से, समर्पित भाव से भगवान की भक्ति करता है तो भगवान उसकी सहायता भी करते हैं, वासना भी धीरे-धीरे कम होने लगती है । जगत का काम कम होने लगता है और - भगवान में भावना दृढ होने लगती है । बाद में उसे ऐसा आभास होने लगता है कि हमें कुछ मिल गया है और आनन्द का अनुभव करने लगता है । भगवान में जिसने मन जोड़ा उसका कल्याण हो गया लेकिन यह ध्यान रखना चाहिये कि एक बार जब भगवान में ध्यान लग गया हो तो फिर उसे तोड़ना नहीं चाहिये ।

भक्ति तीन भाग पर आधारित है : (१) अनन्यता (२) तन्मयता (३) व्याकुलता । उपासना करना अनन्यता कही गयी है । तन्मयता - अर्थात् भगवान के सिवाय कुछ भी नहीं है रात-दिन जिसे भगवान की याद आती है उसे तन्मयता कहते हैं । व्याकुलता - अर्थात् आजतक भगवान हमें क्यों नही मिले ? कब मिलेंगे ? ऐसा भाव जिसमें हों उसे व्याकुलता कहते हैं । एक संत थे, उनके एक शिष्य थे । शिष्यने कहा हमें भगवान का दर्शन करवाईये । संत अपने शिष्य को नदी के किनारे लेगये और कहे कि नदी में डुबकी लगाओ । ज्यों डुबुकी मारी त्यौं गुरुजीने शिष्य के मस्तक को पानी में डुबा दिया । अब भीतर वह तड़पड़ाने लगा । पानी से बाहर आने का बहुत प्रयास किया, लेकिन गुरुजी नहीं छोड़े । बाद में उसका गरदन छोड़े तो मस्तक ऊपर करते हुये कहा कि क्या आप हमें मारना चाहते हैं ? संत ने कहा कि जब पानी में डूबे रहे तब भगवान की कितनी याद किये । जीवित रहने के लिये कितना प्रयत्न किये । इसी तरह भगवान के लिये धबडाहट रहेगी तो निश्चित भगवान प्रत्यक्ष दर्शन देंगे । कलियुग में महाराज प्रगट होकर धाम का मार्ग खोल दिये है । पहले के जमाने में भगवान प्राप्त करना होता था तो लोगों को जंगल में जाना पड़ता था । आज तो हमें जंगल में जाने की जरुरत नहीं । महाराजने मंदिरों का निर्माण कार्य करवाकर गांवो में संतो को रखकर भक्ति के मार्ग को सरलकर दिया । संसार की सामान्य वस्तु के लिये भी कितना श्रम करना पड़ता है फिर भी सम्भव नहीं हो पाती जब कि महाराजने नाम स्मरण मात्र से इहलौकिक सुख तथा पारलौकिक सुख दोनो दे दिया । नम्रता जब तक नहीं आयेगी तब तक

सच्चाज्ञान मिलना कठिन है। पत्थर के ऊपर हजारों वर्ष पानी गिराते रहिये तो भी वह पिघलता नहीं है। लेकिन माटी का ढेला होतो थोड़े पानी से भी पिघल जायेगा। इसलिये अहंकार का त्याग करके जीवन को सरल बनाकर भक्ति के मार्ग पर चलना होगा। भगवत् भक्ति विना समर्पण के सम्भव नहीं है। समर्पण भक्ति मे ही भगवान सामने से चलकर आते हैं और भक्त के वश में रहते हैं।

•

तुलसी माला का महत्व

– सां.यो. कोकिला बा (सुरेन्द्रनगर)

भगवान के स्मरण में माला का बहुत बड़ा महत्व हैं। माला की परम्परा केवल हिन्दुओं में ही नहीं है बल्कि अन्यत्र इसका महत्व समान है। सभी की प्रवृत्तियां अलग अलग है। फिर भी माला जपने की परंपरा अन्यत्र भी है लेकिन सभी के मूल में हिन्दु धर्म हैं। इन सभी मालाओं में तुलसी की माला श्रेष्ठ है। शास्त्र की दृष्टि से सबसे पवित्र भी है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी उत्तम है। तुलसी की माला से जप किया जाय तो सिद्धि जल्दी होती है। तुलसी समर्पण का प्रतीक है। तुलसी की माला जपते समय या तुलसी चलाते समय समर्पण भाव होना आवश्यक है। तुलसी अर्पण के समय स्वयं समर्पित होने की भावना होनी चाहिये।

माला में १०८ मनका होती है। प्रत्येक क्षण में मनुष्य की स्वाभाविक श्वासं की संख्या ६ हैं। इस तरह २। पल का एक मिनट। इस तरह १ मिनिट में १५ श्वांस लिया जाता है। इस तरह २४ घन्टे में २१६०० श्वांस का विधान मिलता है। १०८ मनका ही एक माला २०० माला फेरने पर श्वासोच्छवास भजन कहा जा सकेगा। लेकिन इतना लंबा समय किसके पास। हाँ इतना अवस्य करना चाहिये कि उपांशु जप हो सके और इस जब का १०० गुना अधिक फल बताया गया है। १०८ मनका वाली माला के जप से श्वासोच्छवास भजन किया हुआ कहा जा सकता है।

बीच की अंगुली से जप किया जाता है। माला फेरते समय तर्जनी अंगुली का उपयोग नहीं किया जाता है। कारण यह कि विशेष स्थान को प्रभावित करने के लिये जप किया जाता है। बीच की अंगुली पर माला रखकर अंगुठे से माला को फेरना चाहिये। प्रत्येक मनके को सरकाने के समय स्वामिनारायण मंत्र का जप करना चाहिये। माला जप पूरा होने पर सुमेरु का उल्लंघन बिना किये वहीं से माला को मोड़ लेना चाहिये। माला को गोमुखी में रखकर जप करना जाहिये। अग्निपुराण में लिखा है कि मंत्र का जप करते समय गिना न जाय और गुप्त रखा न जाय तो उसका कोई फल नहीं मिलता।

नाम जप भक्ति संप्रदाय का मुख्य अंग है। जप की संख्या गिनने का पूर्व काल में अन्य भी उपाय बताया गया है लेकिन माला से जप श्रेष्ठ जपसिद्ध हुआ।

समय बीतते यह एक प्रथा चली की प्रव्रज्या करते समय भी नाम संख्यात्मक जप किया जा सके इसके लिये भी जप माला या अंगुली का साधन बनाया गया। करमाला का भी अलग विधान है। करमाला यात्रा करते समय विधिपूर्वक संभव नहीं है। बाद में काष्ट माला आई जिसमें तुलसीकी माला उत्तम सात्विक सिद्धी देने वाली बताई गयी। मुक्ति की साधिका यह तुलसीकी माला है। शास्त्र की दृष्टि से तुलसीकी माला श्रेष्ठ है। जपमाला के माध्यम से श्रीहरिने कहा कि आप जिस स्थिति में हों हमारे नाम का जप किया करें। हम आप सभी की याद करेंगे। माला मोक्ष का साधन है।

•

पक्ष

– सां.यो. कुंदनबा गुरु सां.यो. कंचनबा (मेड़ा)

श्रीजी महाराज ग.म. ६० वचनामृत में कहते हैं कि जिस तरह अपने संगे सम्बन्धि– माता – पिता प्रिय होते हैं और उन्हीं का पक्ष रखते हैं उसी तरह भगवान का भी पक्ष रखना चाहिये । लेकिन भगवान के भक्त का पक्ष रखना बड़ा कठिन है । यदि भगवान को तथा भगवान के भक्त को या संतो की महिमा समझ में आ जाय तो अलभ्य लाभ होता है । श्रीजी महाराज कहते थे कि यदि कोई भगवान के भक्त को दु:खी करता है या मारडालता है तो उसे ब्रह्म हत्या का दोष लगता है लेकिन उस भक्त की रक्षा करने वाला कदाचित मरजाता है तो पंचमहापातको से वह रहित हो जाता है । अन्त में वह अक्षरधाम में जाता है । अपने संप्रदाय में शूरवीर भक्तों की कई कथा आती है ।

